**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
-------

## राज्यपाल ने ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद व इमामबाड़ा जाकर ईद की बधाई दी

लखनऊः 16 जून, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज ईद-उल-फितर के पावन मुबारक मौके पर ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद तथा आसिफी इमामबाड़ा जाकर मुस्लिम परिवारों को ईद की दिली मुबारकबाद दी और सभी के सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री दिनेश शर्मा सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फ़जले मन्नान तथा आसिफी इमामबाड़ा के इमाम मौलाना कल्बे जव्वाद और मौलाना कल्बे सादिक से विशेष रूप से मिलकर बधाई दी तथा सिंवइयों का स्वाद भी लिया। इससे पूर्व राज्यपाल राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिले और ईद की बधाईयों का आदान-प्रदान किया। राज्यपाल ने ईद के अवसर पर प्रदेश सरकार के मुस्लिम वक्फ तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री मोहसिन रजा, विधान परिषद सदस्य श्री बुक्कल नवाब तथा कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री डा0 अम्मार रिजवी के आवास जाकर ईद की बधाई दी। इसके साथ ही राज्यपाल उर्दू राइटर्स फोरम द्वारा आयोजित ईद-उल-फितर समारोह में भी शामिल हुए।

------

अंजुम/रा0/राजभवन (239/16)




TAYAL
ईदगाह कमेटी
लखनऊ
EIDGAH COMMITTEE
Lucknow.
عیدگاہ کمیٹی
ईदगाह कमेटी आपका इस्तकबाल





